## अर्द्धवार्षिक परीक्षा - 2023
## कक्षा – 12 (सेट B)
## विषय - हिन्दी

पूर्णांक – 80

समय – 3 घंटा

**निर्देश :-**

i. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
ii. प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।
iii. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उप-प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।
iv. प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक कुल 10 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है
v. प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक कुल 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग [illegible] शब्द हैं
vi. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक कुल 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है
vii. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(1x6=

@ASK_Classes

1. सही विकल्प का चयन कर लिखिए - (1x6=

i. कौन –सा माह सबसे तेज बौछारों का होता है ?
(क) सावन (ख ) जयेष्ठ (ग ) आषाढ़ (घ )भादों

ii. जहाँ शब्द से काव्य की शोभा बढ़ती है, वहाँ कौन-सा अलंकार होता है ?
(क) उभयालंकार (ख) अर्थालंकार (ग) शब्दालंकार (घ) शोभालंकार

iii. किसकी गर्मी बाज़ार से अधिक सामान खरीदने पर विवश करती है ?
(क) मौसम की (ख) दिमाग की (ग) शरीर की (घ) पैसों की

iv. ऐसे वाक्य जिनमें प्रार्थना, इच्छा या आशीष प्रकट होता है, क्या कहलाते हैं?
क) प्रश्नवाचक (स) आज्ञावाचक (ख) इच्छावाचक (घ) संदेहवाचक

v. मराठी भाषा में लिखी 'जूझ' कहानी का हिन्दी अनुवाद किसने किया है ?
(क) मनोहर श्याम जोशी ने (ख) ओम थानवी ने (ग) केशव प्रथम वीर ने (घ) ऐन फ्रैंक ने

@ASK_Classes

vi. ज्ञानेन्दियों की संख्या कितनी होती है?

(क) तीन (ख) चार (ग) पाँच (घ) छः

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कर लिखिए - (1

i. आपको ------------------होकर कैसा लगता है ?( भिखारी । अपाहिज / (नायक)

ii. जिन छंदों में मात्राओं की गणना की जाती है वे -------छंद कहलाते हैं। (वर्णिक / मात्रिक / अलंकार)

iii. शिरीष पुष्प केवल -----------का कोमल दवाब सहन कर सकता है।
(भौंरों के पदों/ तोते के पदों/ चिड़िया के पदों)

iv. 'दाल न गलना' मुहावरे का अर्थ ------------है। ( सफल न होना /विफल न होना / काम होना )

v. सौंदलगेकर मास्टर------------- पढ़ाते थे। (हिन्दी । मराठी । अंग्रेजी)

vi. दृश्य का ----------------------से गहरा सम्बन्ध होता है। (स्मृतियों / मुहावरा / लोकोक्ति)

@ASK_Classes

3. निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए

i. दुःख रूपी रावण धनिकों को दबोचता है।
ii. माधुर्य गुण का सम्बन्ध चित्त की उत्तेजना वृत्ति से है।
iii. शेर के बच्चे का असल नाम बादल सिंह पहलवान था।
iv. वे शब्द जो वाक्य में किसी शब्द के बाद बल देने के लिए लगाए जाते हैं वे निपात शब्द कहलाते हैं।
v. सौंदलगेकर मास्टर कविता बहुत ही अच्छे ढंग से पढ़ाते थे।

@ASK_Classes

4. सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए -

| स्तम्भ (अ) | स्तम्भ (ब) |
| --- | --- |
| i फिराख गोरखपुरी का वास्तविक नाम | (क) लछमिन |
| ii भयानक रस | (ख) सम्पर्क भाषा |
| iii भक्तिन | (ग) छात्र |
| iv राष्ट्रभाषा | (घ) कथानक |
| v वसंत पाटिल | (ङ) रघुवीर सहाय |
| vi कहानी का केन्द्रीय बिन्दु | (च) सीमित पात्र |
| vii रीतिकालीन कवि | (छ) बिहारी |
| | (ज) कबीर |
| | (झ) रघुपति सहाय |

@ASK_Classes

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –

i. रीतिकाल का एक अन्य नाम लिखिए।
ii. कवि ने नीले जल में झिलमिलाती देह की तुलना किससे की है ?
iii. शब्द शक्ति किसे कहते हैं ?
iv. ऋषि-मुनियों ने किसको सबसे ऊंचा स्थान दिया है ?
v. शब्द युग्म कितने प्रकार के होते हैं ?
vi. हर रविवार को किशनदा यशोधर बाबू के घर कितने बजे आया करते थे ?
vii. आमतौर पर नाटक की अवधि कितनी होनी चाहिए ?

6. बादलों को 'विप्लव के बादल' क्यों कहा गया है?

**अथवा**

'कविता के बहाने' पाठ के आधार कविता की दो विशेषताएँ लिखिए।

@ASK_Classes

7. नई कविता की कोई दो प्रमुख प्रवृत्तियाँ लिखिए।

**अथवा**

प्रगतिवाद के दो कवियों एवं उनकी एक -एक रचना का नाम लिखिए।

8. खंडकाव्य की दो विशेषताएँ लिखिए।

**अथवा**

दो महाकाव्य और उनके रचनाकारों के नाम लिखिए।

9. संदेह अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

**अथवा**

सोरठा छंद में कितनी मात्राएँ होती हैं ?उदाहरण सहित लिखिए।

10. कहानी और उपन्यास में कोई दो अंतर लिखिए ।

**अथवा**

रेखाचित्र और संस्मरण में कोई दो अंतर लिखिए।

@ASK_Classes

11. लुट्टन पहलवान की मेलों में क्या वेशभूषा रहती थी?

**अथवा**

'गगरी फूटी बैल पियासा' का आशय लिखिए।

12. तकनीकी शब्द किसे कहते हैं? उदहारण सहित लिखिए।

**अथवा**

संयुक्त वाक्य किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए।

13. निम्नलिखित वाक्यों से निपात छाँटकर उनसे दो नये वाक्य बनाइए-

। पानी चश्मा तो था लेकिन संगमरमर का नहीं था।

@ASK_Classes

॥ किसी स्थानीय कलाकार को ही अवसर देने का निर्णय किया गया होगा।

अथवा

लोकोक्ति किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए ।

14. 'अतीत में दबे पांव' शीर्षक की सार्थकता के बारे में लिखिए। (2)

अथवा

'जूझ' कहानी के आधार पर आपको कौन-कौन से जीवन मूल्य ग्रहण करने की प्रेरणा मिलती है?लिखिए।

15. विशेष लेखन की सूचनाओं के क्षेत्रों के बारे में लिखिए। (2)

अथवा

प्रिंट माध्यम की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

@ASK_Classes

16 . तुलसीदास <u>अथवा</u> सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए- (3 )

i. दो रचनाएँ ii. भावपक्ष iii. कलापक्ष

17 . जैनेन्द्र <u>अथवा</u> धर्मवीर भारती की साहित्यिक विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए - (3 )

i. दो रचनाएँ ii. भाषा-शैली iii. साहित्य में स्थान

18. निम्नलिखित कथन का सार संक्षेपण में लिखिए। (3 )

" जिस व्यक्ति को अपने देश की भाषा का ज्ञान नहीं है, अपने रीति-रिवाजों और परम्पराओं का परिचय नहीं, अपने देश की कला के प्रति आदर नहीं है और जो अपनी धार्मिक,आध्यात्मिक, निधि से गौरवान्वित नही है,वह निश्चित तौर पर नर नहीं, नर पशु है"।

**अथवा**

कंप्यूटर शिक्षकों की आवश्यकता हेतु एक विज्ञापन बनाकर लिखिए ।

@ASK_Classes

19. निम्नलिखित अपठित गद्यांश अथवा काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (3)

भारत की भौगोलिक संरचना के कारण यहां की जलवायु में विविधता देखने को मिलती है।भारत जो तीन ओर पूर्व पश्चिम व दक्षिण से क्रमशः बंगाल की खाड़ी, अरब सागर और हिंद महासागर से घिरा है वही उत्तर में हिमालय की बर्फीली पर्वत चोटियाँ मस्तक उठाए हैं फलस्वरूप कहीं अधिक ग्रीष्म तो कहीं अधिक शीत तो कहीं अधिक वर्षा ऋतु होती है ।जलवायु की विविधता के कारण यहां के लोगों की जीवनशैली, भाषा भी प्रभावित होती है। प्रत्येक राज्य की अपनी अलग भाषा मराठी, गुजराती, तमिल ,कन्नड़ आदि है। उनकी संस्कृति भिन्न है । प्रारंभ में विदेशी आक्रमणों के कारण यहाँ अनेक धर्म सनातन धर्म के अतिरिक्त इस्लाम, यहूदी ,जेन पारसी, बौद्ध आदि हैं। इन विविधताओं के बावजूद भारत में राष्ट्रीय एकता प्रत्येक राज्य में दृष्टिगोचर होती है । भारत भूमि को माता की संज्ञा दी गई है । कहा भी गया है कि जन्मभूमि स्वर्ग से भी महान है।

प्रश्न -

i. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।
ii. जलवायु विविधता का क्या परिणाम होता है?
iii. सनातन का समानार्थी लिखिए।

@ASK_Classes

अथवा

कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास,
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उसके पास।

@ASK_Classes

कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गस्त,
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही सिकस्त।

प्रश्न -

i कई दिनों से चक्की उदास क्यों थी।

ii उक्त पंक्तियाँ कौन सी प्राकृतिक आपदा की ओर इशारा करती हैं?

iii उक्त पंक्तियों का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।

20. . निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ –प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या लिखिए – (4)

रात्रि की विभीषिका को सिर्फ पहलवान की ढोलक ही ललकारकर चुनौती देती रहती थी। पहलवान संध्या से सुबह तक, चाहे जिस ख्याल से ढोलक बजाता हो, किंतु गाँव के अर्द्धमृत, औषधि उपचार- पथ्य-विहीन प्राणियों में वह संजीवनी शक्ति ही भरती थी। बूढ़े- बच्चे जवानों की शक्तिहीन आँखों के आगे दंगल का दृश्य नाचने लगता था। स्पंदन-शक्तिशून्य स्नायुओं में भी बिजली दौड़ जाती थी।

**अथवा**

@ASK_Classes

अथवा

जाड़े का दिन। अमावस्या की रात-ठंडी और काली। मलेरिया और हैजे से पीड़ित गाँव भयार्त्त शिशु की तरह थर-थर काँप रहा था। पुरानी और उजड़ी बाँस-फूस की झोंपड़ियों में अंधकार और सन्नाटे का सम्मिलित साम्राज्य। अंधेरा और निस्तब्धता। अंधेरी रात चुपचाप आँसू बहा रही थी। निस्तब्धता करुण सिसकियों और आहों को बलपूर्वक अपने हृदय में ही दबाने की चेष्टा कर रही थी।

21. निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ-प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए - (4)

बात सीधी थी पर एक बार
भाषा के चक्कर में
जरा टेढ़ी फँस गई।

अथवा

प्रात नभ था बहुत नीला शंख जैसे
भोर का नभ
राख से लीपा हुआ चौका
अभी गीला पड़ा है

@ASK_Classes

22. अपने नगर के नगर पालिका अध्यक्ष को जल की अनियमित आपूर्ति के संबंध में शिकायती पत्र लिखिए। (4)

**अथवा**

अपने नाना जी को गाँव से वापस आने पर गाँव की अपनी मधुर स्मृतियों के बारे में एक पत्र लिखिए।

**23** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए - (4)

i. प्रदूषण- कितना घातक।
ii. स्वास्थ्य का महत्व
iii. साहित्य और समाज
iv. चाँद पर भारत के कदम
v. मेरी यादगार रेल यात्रा

@ASK_Classes